





# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रकाश पर्व दीपावली, तीन दिनों तक सड़क पर रहा बाजार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 22 अक्टूबर। हिन्दू धर्म का सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार दीपावली कल हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। धनतेरस से लेकर दीपावली तक तीन दिनों तक बाजार सड़कों पर रहा और ज्वेलरी, बर्तन, सजावट, कपड़े आदि सजावट एवं बिजली सामग्री जमकर बिक्री हुई। रोशनी के पर्व दिवाली का उल्लास हर तरफ छाया दिखा। लोगों ने आकर्षक ढंग से अपने अपने घरों को सजाया था। घर आंगन बिजली की झालरों से जगमग दिखे। भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी का पूजन किया गया। दिनभर बाजार में खरीददारों की भीड देखी गई।**

दीपोत्सव की संध्या पर बाजार में धूम दिखी। बाजार में देर रात तक आतिशबाजी पटाखों की बिक्री हुई। मिट्टी के दीपक, कपडे, लाई, चूरा, खील, मिष्ठान इलेक्ट्रानिक, समेत अन्य दुकानों में खरीददारी के लिए ग्राहक जुटे रहे। बाजार में अव्यवस्था से लोगों को बचाने के लिए बाइक व रिक्शा के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। दिवाली की खरीदारी करने पहुंचे लोगों के चलते बाजार में दिनभर रौनक रही। घरों मे भी तैयारियां की गई। लोगों अपने प्रतिष्ठान बिजली झालरों से सजा दिये। झालरें रंग बिरंगी रोशनी बिखरा रही थी। दीपावली पर




सुबह से बाजार तिल रखने की जगह तक नजर नहीं आ रही थी। लोग मिट्टी के खिलौने से लेकर लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों की दुकाने सडक पर स्टाल लगा कर बिक्री में मशगूल रहे। इसके अलावा खील बतासे व पूजन सामग्री की भी दुकानें सजी रही। सड़क पर दोनों किनारों पर लगी दुकानों के कारण जाम की स्थिति बनी रही।

**स्वदेशी झालरों की खूब हुई बिक्री:-** दिवाली पर घर व प्रतिष्ठान सजाने के लिए रंग बिरंगी स्वदेशी झालरों की खूब बिक्री हुई। विक्रेताओं ने बताया कि चाइनीज झालरें भी बाजार में उपलब्ध हैं, लेकिन ग्राहक स्वदेशी झालर ज्यादा खरीद रहे हैं, इनमें रिमोट से चलने वाली झालर, दीपमाला, रनिंग झालर, कलश, दीये वाली झालर शामिल हैं।

**50 से लेकर 100 तक का बिका कमल का फूल:-** शहर में फूलों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड जुटी रही। गणेश लक्ष्मी की पूजा के लिए कमल के फूल की मांग सबसे अधिक रही कमल का फूल 50 रूपये से लेकर 100 रूपये तक बिका। इसके अलावा गुलाब के फूल भी खूब बिके। गुलाब 100 रूपये जबकि गेंदा का फूल 200 रूपये प्रति लच्छी बिका।

**मिठाई व ड्राई फ्रूट की हुई खरीददारी:-** दिवाली पर उपहार देने व पूजा के लिए मिठाई की खरीददारी लोग करते रहे। इस दौरान काजू कतली, मिल्क केक, छेना, मेवे व मोतीचूर के लड्डू की डिमांड ज्या । रही इसके अलावा ड्राई फ्रूट की बिक्री भी हुई।

**भगवान श्री कृष्ण को बताते हैं अपना सखाः-** दिवारी नृत्य का प्रदर्शन करने वाले पूरे अधिकार के साथ भगवान श्री कृष्ण को अपना बाल सखा मानते हैं। इसी आत्मीय भाव को लेकर ग्वाले तपोभूमि पन्ना में आकर मंदिरों में माथा टेकते हैं तो उनमें असीम ऊर्जा का संचार हो जाता है। इसी भाव दशा में ग्वाले सुध बुध खोकर जब दिवारी नृत्य करते हैं तो उन्हें इस बात की अनुभूति होती है मानो बालसखा कृष्ण स्वयं उनके साथ दिवारी नृत्य कर रहे हैं। गाँव से आई टोली के सदस्य ने बताया कि उनकी टोली में कई मौनी हैं। हम लोग दीपावली को चित्रकूट में थे और आज सुबह भगवान श्री जुगल किशोर जी के दरबार में आकर माथा टेका है।

## पूजन सामग्री की जमकर हुई बिक्री

दिवाली पर गणेश लक्ष्मी का पूजन घर घर होता है। प्रतिष्ठानों पर भी व्यापारी पूजा करते हैं। इसे लेकर मूर्तियों के साथ पूजन सामग्री की जमकर बिक्री हुई है। इसमें मूर्ति के अलावा गणेश लक्ष्मी के वस्त्र, आसन, माला, चरण, रेडीमेड रंगोली समेत अन्य सामग्री लोगों ने खरीदी। शहर की बाजार भीड भाड चलते पैर रखने तक की जगह नहीं थी। दिवाली पूर्व संध्या पर शहर में रेडीमेड अलाय बलाय की जमकर बिक्री हुई। विक्रेता राजू ने बताया कि आठ रूपये से लेकर 15 रूपये किलो अलाय बलाय बिकी। लइया चूरा खील व गट्टा भी लोगों ने खरीदा।

## पूरे दिन रही दिवारी नृत्य की धूम

समूचे बुंदेलखंड में आस्था का केंद्र श्री जुगल किशोर जी मंदिर में तीन दिवसीय दीपोत्सव मनाने की विशेष परंपरा को सैंकड़ों वर्षो से चली आ रही है जिसमें पन्ना सहित पडोसी जिलों एवं बुंदेलखंड के विभिन्न जिलों के लोग पन्ना की दिवारी देखने आते हैं। जिला मुख्यालय में परीवा के दिन दिवारी नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। यहाँ उत्तरप्रदेश के बाँदा, ललितपुर जिले सहित विभिन्न जिलों के बड़ी संख्या में ग्वालों की टोलियां आती हैं जबकि मध्यप्रदेश के छतरपुर, दमोह, टीकमगढ़ आदि जिलों के ग्रामीण इलाकों से ग्वाले यहाँ आते हैं और यहां के प्रसिद्ध मंदिरों में नृत्य कर अपने को धन्य समझते हैं। पन्ना सहित पड़ोसी जिलों के ग्रामीण अंचलों से सैकड़ों की संख्या में ग्वालों की टोलियां यहाँ रात्रि 12 बजे से ही पहुंचने लगे थे। प्रथमा को सुबह 5 बजे से भगवान जुगल किशोर जी के दरबार में माथा टेकने के साथ ही दिवारी नृत्य का सिलसिला शुरू होकर पूरे दिन चला। ग्वालों की टोलियां नगर के अन्य मंदिरों के प्रांगण में भी दिवारी नृत्य का हैरतांगेज करतब का प्रदर्शन करते हैं। दीपावली के एक दिन बाद शुक्रवार को सुबह से ही हांथों मे मोर पंख लिए तथा रंग बिरंगी पोशाक पहने ग्वालों की टोलियों का जुगल किशोर जी, प्राणनाथ जी, बलदाऊ जी, श्रीराम जानकी आदि मंदिरों में आने का सिलसिला शुरू हो गया था। ग्वाले पूरे भक्ति भाव के साथ भगवान की नयनाभिराम छवि के दर्शन करने के उपरांत पूरी मस्ती के साथ नगडिया, ढोलक और मजीरों की धुन में दिवारी नृत्य व रोमांचकारी लाठी बाजी का प्रदर्शन करते हैं जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग यहां खिंचे चले आते हैं। इस बार महिला टीम ने भी दिवारी नृत्य कर दर्शकों का मन मोहा।

# लक्ष्मी जी के साथ लक्ष्मी जी के दिव्य गुणों का आवाहन करें : ब्रह्माकुमारी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 22 अक्टूबर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में दीपावली का पर्व बड़े ही उमंग उत्साह एवं आध्यात्मिक रीति से मनाया गया ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहां की दीपावली केवल बाहर की रोशनी का त्यौहार नहीं बल्कि आत्मा की भीतर के अंधकार को हटाकर प्रकाश जगाने का पर्व है।**

यह पर्व हमें स्मरण दिलाता है कि जैसे एक दीपक हजारों दीपों को जलाने की क्षमता रखता है वैसे ही एक जागृत आत्मा संसार में नई चेतना फैल सकती है। मिट्टी के शरीर में पवित्र



आत्मा का यह दिया जब हम जलाते हैं तो अहंकार, अभिमान का अंधकार खत्म हो जाता है, दिया जलाना अर्थात किसी को कुछ दिया सम्मान दिया, आत्मिक स्नेह, सहयोग आदि, आगे आपने कहा घर की सफाई के साथ-साथ हम अपने मन की भी सफाई करें पुरानी बातें दबी पड़ी है गलत संस्कारों की धूल चढ़ी है अपमान के दाग लगी हुई है। अब जिनकी जरूरत नहीं है तो आप उनको घर के साथ-साथ मन के कोने-कोने की सफाई भी करना है। दीपावली पर पुराने वही खाते को नया बनाते हैं ऐसे ही जीवन के कर्मों के इस व्यापार में हमें देखना है कि हम कर्मों के व्यापार में नुकसान में तो नहीं जा रहे हैं दुआएं कमाकर श्रेष्ठ कर्मों का वही खाता खोलना है इसी तरह अपने कर्मो को सुधारते हुए जीवन को श्रेष्ठ दिशा देनी है।

## केके पटेरिया का दु:खद निधन

पन्ना 22 अक्टूबर। अजयगढ



विद्युत मंडल में पदस्थ ए ई के के पटेरिया का लंबी बीमारी के बाद 20 अक्टूबर को दुखद निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम नौगांव में हुआ जिनका अस्ती कलश 26 अक्टूबर को रात 8.00 जुगल किशोर मंदिर पन्ना ले जाएंगे जहां से प्रयागराज के लिए रवाना होंगे। पटेरिया एक अच्छे स्वभाव एवं इमानदार मिलनसार विद्युत अधिकारियों में से एक रहे उन्होंने जिले के करीब करीब सभी विद्युत सब स्टेशनों में अपनी सेवाएं दी। उनके निधन से विद्युत मंडल का एक अच्छा

# पढ़ाई से बेवास्ता हुए जन शिक्षक, सिर्फ डाकिया बनकर रह गए

नवभारत न्यूज

**पन्ना 22 अक्टूबर। प्रदेश मे डाकिया बने शिक्षकों को तत्काल स्कूल में भेजने की मांग उठी है जन समुदाय ने बड़ी मांग उठाई है। तर्क दिया है कि जो जन शिक्षक 50 से लेकर एक लाख तक की वेतन पाते हैं वह सिर्फविभाग के अलावा अन्य विभागों के पत्रों को सिर्फआदान प्रदान कर रहे हैं। जबकि आचरण संहिता में इन का मुख्य काम बच्चों को पढ़ाना है जिला पंचायतों के माध्यम से इनकी नियुक्ति का सिलसिला 2011 से शुरू हुआ था।**

नियम के अनुसार इनका मुख्य कार्य पढ़ाई में सहयोग करना था लेकिन अंधेर देखे कि यह सिर्फडाक पत्रों का आदान प्रदान करने तक सीमिति रह गए हैं। जबकि इन्हें पढ़ाई मे आने वाली दिक्कतों को दूर करने शिक्षकों की समस्याओं का मुख्य अधिकारी तक रखने शालाओं में क्या खामियां हैं। वरिष्ठ अधिकारियों से उनका सुधार करवाना जैसे काम करने थे अगर सच कहा जाए तो जन शिक्षक एक और जहां डाकिया बने हैं तो दूसरी तरफनिजी स्कूलों से धन उगाही का माध्यम बन गए हैं शिक्षा कैलेंडर के अनुसार तो जन शिक्षकों को प्रतिदिन दो कक्षाओं का निरीक्षण करना चाहिए। इसके साथ ही कक्षा में पढ़ाई में प्रतिदिन 2 पीरियड लेना चाहिए। जिन शालाओं में शिक्षकों की कमी है वहां जाकर खासकर पढ़ाना चाहिए। बता दे कि मुख्यालय में ही देखे जिन अध्यापकों और शिक्षकों को जन शिक्षक बनाया गया था यह सालों से अकादमी कार्य में सहयोग कर रहे हैं जन शिक्षकों को शाला में भेजने की मांग कोई और नहीं बल्कि जन समुदाय उठा रहा है। सूत्रों से जानकारी लग रही हैं कि जन शिक्षक मुख्य रूप से फर्ज के साथ गद्दारी कर रहे हैं उन्हें तत्काल में स्कूल भेजा जाना चाहिए मांग उठाई गई कि एक और जहां शाला में शिक्षकों का टोटा है वहीं इनकी कमी को पूरा करने के लिये अतिथि शिक्षक क्षमता से अधिक कार्य कर रहे है। अगर जन शिक्षक स्कूल में पहुंच जाए तो शिक्षकों की भर्ती जरूरत ही नहीं पडेगी। आरोप लगाया गया है कि राज्य शिक्षा केंद्र से लेकर जिला शिक्षा केंद्रों बीआरसी कार्यालयों में सिर्फप्राइवेट स्कूलों की मान्यता और यहां पर आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया पूरा ध्यान देना है। कारण है कि यहां ऊपर से नीचे तक स्वार्थ पूरे हो रहे हैं।

# ड्रोन नवाचार का दिया जा रहा है प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**पन्ना 22 अक्टूबर। पन्ना जिले में ड्रोन नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले के समस्त विभाग के कार्यालय प्रमुखों तथा सभी सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों को कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष क्रमांक 37 ई-दक्ष केन्द्र में ड्रोन नवाचार का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। गत 17 अक्टूबर को 18 विभाग प्रमुखों को ड्रोन नवाचार से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।**

इस क्रम में अगामी 28 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला आपूर्ति अधिकारी, सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन, जिला उपभोक्ता मंच, नापतौल, वन मण्डलाधिकारी उत्तर एवं दक्षिण, पन्ना राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों सहित कलेक्टर कार्यालय के अधीक्षक, भू-अर्जन, धर्मार्थ एवं राहत, निर्वाचन, वित्त, सामान्य, सत्कार, नजूल, राजस्व लेखा एवं पुनर्वास और स्टेनो शाखा के प्रभारी अधिकारी व अनुविभागीय दण्डाधिकारी पन्ना को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जबकि दोपहर 2:30 बजे से शाम 6 बजे तक अधीक्षक भू-अभिलेख, तहसीलदार पन्ना, शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जिला सेनानी होमगार्ड, जिला अभियोजन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सहायक संचालक उद्यानिकी, सहायक यंत्री गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, श्रम पदाधिकारी, जिला हीरा अधिकारी, खनिज अधिकारी, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सीईओ पन्ना, जिला ग्रामीण विकास एजेंसी, आजीविका मिशन, मिड डे, मनरेगा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभारी अधिकारी का प्रशिक्षण होगा।

29 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक समग्र स्वच्छता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग, जनअभियान परिषद, जेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला मलेरिया अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, पीएचई, जनसंपर्क अधिकारी, लोक सेवा प्रबंधक, लोक निर्माण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, डाईट और जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारियों का प्रशिक्षण होगा। दोपहर 2:30 बजे से शाम 6 बजे तक जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, सामाजिक न्याय विभाग, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला रोजगार अधिकारी, प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पन्ना एवं पवई, अधीक्षक आईटीआई पन्ना, मोहन्द्रा एवं गुनौर, कृषि महाविद्यालय, जिला पुरातत्व संग्रहालय, आरटीओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी, शहरी विकास अभिकरण, नगर पालिका पन्ना तथा जल संसाधन विभाग पन्ना एवं पवई के कार्यपालन यंत्री का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

जिला कलेक्टर द्वारा समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्धारित प्रशिक्षण तिथि एवं समय पर एक सहकर्मी के साथ अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया है।




# पन्ना पुलिस ने कर्तव्य पथ पर शहीद हुए जवानों को किया नमन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 22 अक्टूबर। गत दिवस पुलिस लाइन पन्ना स्थित पुलिस शहीद स्मारक पर पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन सभी वीर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नमन किया गया जिन्होंने कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहुति दी।**

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति निवेदिता नायडू द्वारा शहीद हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नामों का वाचन किया तथा उनकी शहादत को सलामी दी । उपस्थित सभी लोगो द्वारा शहीदों की स्मृति में मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद दिवस परेड नेतृत्व रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर एवं सूबेदार संजय सिंह जादौन ने किया। परेड के दौरान पुलिस बल की टुकड़ियों द्वारा वीर शहीदों को सलामी दी गई और उनके अमर बलिदान को स्मरण किया गया।

## पुलिस स्मृति दिवस का महत्व

भारत में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उन वीर पुलिसकर्मियों को समर्पित है जिन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र सेवा में अपने प्राण न्यौछावर किए। उक्त कार्यक्रम मे कलेक्टर पन्ना श्रीमति उषा परमार, पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति निवेदिता नायडू, डीएफओ दक्षिण वनमंडल अनुपम शर्मा, अतिरिक्त जिलाधिकारी पन्ना मधुवंतराव धुर्वे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति वन्दना चौहान, साथ ही जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, सभी थाना प्रभारी, पुलिस बल के सदस्यगण एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बैंक ग्राहकों की रेकी करने वाले गैंग का एक सदस्य गिरफ्तार, 50,000 रुपए बरामद

नवभारत न्यूज

**पन्ना 22 अक्टूबर। दिनांक 22 सितंबर को फरियादी आशीष कुमार कुशवाहा पिता श्री रामलाल कुशवाहा, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम बमरी, थाना देवेन्द्रनगर द्वारा थाना देवेन्द्रनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा देवेन्द्रनगर से 50,000/- रुपये निकालकर अपने बैग में रखकर कुर्सी पर रखे हुए था।**

उसी दौरान एक वृद्ध व्यक्ति का वाउचर भरते समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने बैग चोरी कर लिया। बैग में 50,000/- रुपये रखे हुए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना देवेन्द्रनगर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तकनीकी साक्ष्यों से ज्ञात हुआ कि चोरी की घटना कडिया सांसी गैंग द्वारा की गई थी, जो विभिन्न बैंकों के आसपास ग्राहकों की रेकी कर, नकदी निकालने के बाद उनके बैग चोरी करने की वारदातें अंजाम देता है। सायबर सेल की सहायता से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की गई, जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक रामआसरे सोनकर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर दबिश दी गई। दिनांक 18 अक्टूबर को पुलिस ने कडिया सांसी गैंग के एक सदस्य अमित सांसी पिता रमेशचंद्र, उम्र 20 वर्ष, निवासी लक्ष्मीपुरा, थाना छबरा, जिला बारां (राजस्थान) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए 50,000/- रुपये बरामद किए गए। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# आवारा पशुओं के सींगों में पुलिस ने लगाई रेडियम पट्टी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 22 अक्टूबर। आज गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में पन्ना पुलिस द्वारा शहर में भटक रही अज्ञात एवं आवारा गायों के सींगों पर रेडियम स्टिकर लगाए गए। इस पहल का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।**

यह देखा गया है कि जिले में अनेक आवारा पशु, विशेषकर गायें, प्राय: सड़कों पर ही अपना आश्रय लेती हैं। ऐसे में रात के समय सड़क पर चलने वाले वाहनों के लिए उन्हें देख पाना कठिन हो जाता है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए पन्ना पुलिस द्वारा यह जनहितैषी कदम उठाया गया है ताकि सड़क पर विचरण करने वाले पशु दूर से ही दिखाई दें और वाहन चालक सावधानीपूर्वक गुजर सकें। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने पालतू पशुओं के सींगों या गलों में रेडियम लगाएं ताकि वे अंधेरे में स्पष्ट दिखाई दें और किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

# चिकित्सकीय कार्य में लापरवाही पर बीएमओ के प्रभार से किया पृथक

नवभारत न्यूज

**पन्ना 22 अक्टूबर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी द्वारा गत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमानगंज में ग्राम डहरा निवासी अजय पाल सिंह के इलाज में लापरवाही बरतने पर संबंधित चिकित्सक के विरूद्ध कार्रवाई की गई है।**

जिला कलेक्टर द्वारा मामले का संज्ञान लेकर संबंधित चिकित्सक के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे, जिसके तहत चिकित्सकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष तिवारी को खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमानगंज के प्रभार से पृथक किया गया है। साथ ही प्राथमिक जांच के आदेश भी जारी किए गए हैं। इसके अलावा मृतक अजय पाल सिंह के परिजनों की शिकायत पर गाली गलौच और अभद्रता करने पर धारा 294 के तहत प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

# सर्वाधिक कोर्स पूर्ण करने वाले लोकसेवक होंगे पुरस्कृत

नवभारत न्यूज

**पन्ना 22 अक्टूबर। शासन के निर्देशानुसार अधिकारी-कर्मचारियों के दक्षता संवर्धन के उद्देश्य से आइगॉट कर्मयोगी पोर्टल पर ऑनलाइन प्रशिक्षण आरंभ किया गया है।**

सभी नियमित एवं संविदा शासकीय सेवकों को यह कोर्स पूर्ण करना अनिवार्य है। सर्वाधिक आइगॉट कोर्स पूर्ण करने वाले लोकसेवकों को पुरस्कृत किया जाएगा। आगामी नवम्बर माह में नेशनल लर्निंग वीक भी प्रस्तावित है इस संबंध में जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों से अपेक्षा की गई है कि विभाग अंतर्गत जिन शासकीय सेवकों की ई-मेल आईडी नहीं है, उनके आईडी और रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही सुनिश्चित कर अविलंब वांछित जानकारी भिजवाएं। कोर्स पूर्ण करने के लिए पत्र जारी कर निर्देशित किया जाए तथा विभाग अथवा कार्यालय स्तर पर मास्टर ट्रेनर नियुक्त कर ई-दक्ष केन्द्र पन्ना को सूचित करें।

# सिद्ध स्थल हनुमान भाटे,माता कलेही देवी मंदिर पहुंची ग्वालों की टोलियां

## पारंपरिक वेशभूषा में किया लोक नृत्य दिवारी

नवभारत न्यूज

**पवई 22 अक्टूबर। दीपावली के दूसरे दिन संपूर्ण बुंदेलखंड में लोक नृत्य दिवारी का आयोजन होता है। इसी कड़ी में पवई के सिद्ध स्थल हनुमान भाटे एवं मां कलेही देवी मंदिर में ग्वाल वालों की टोलियां मंदिर पहुंची ।सबसे पहले दर्शन किए और आशीर्वाद लिया।**

इसके बाद पारंपरिक वेशभूषा मोर पंख को शरीर में धारण कर पैरों में घुंघरू बांध के छड़ी से छड़ी टकराते हुए लोक नृत्य दिवारी का आयोजन हुआ। इस दौरान नृत्य को देखने के लिए सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। बता दें कि संपूर्ण बुंदेलखंड में दीपावली के दौरान दिवारी लोक नृत्य का नृतक प्रदर्शन करते हैं, जिसमें लाठियों से युद्ध कला का प्रदर्शन किया जाता है। यह भगवान कृष्ण के गोवर्धन पर्वत उठाने की पौराणिक कथा से जुड़ा है। जहां ग्वाले इंद्र के प्रकोप से बचाने की खुशी में यह नृत्य करते थे। इस नृत्य में ढोल नगाड़ों की धुन पर जोशीला प्रदर्शन किया जाता है और यह वीरता,साहस और सामाजिक एकता का प्रतीक है। विशेष रूप से यह गोवर्धन पूजा के बाद आयोजित किया जाता है,जिसमें मुख्य रूप से अहीर,ग्वाले व है अन्य समुदाय के युवा इस नृत्य में भाग लेते हैं।

# गोवर्धन पूजा पर जिले की गौशालाओं में हुए कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**पन्ना 22 अक्टूबर। शासन के निर्देशानुसार एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप दीपावली पर्व के दूसरे दिन मंगलवार को पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के तत्वाधान में जिले की विभिन्न गौशालाओं में गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों सहित स्थानीयजन भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए और गौपूजन कर गायों को हरा चारा, गुड़ और रोट खिलाया।**

गायों के सींग पर रेडियम भी लगाए गए। पन्ना नगर के बायपास रोड स्थित नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक पर्व एवं त्यौहारों को हर्षोल्लास के साथ धूमधाम एवं गरिमामय ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम का भी सार्वजनिक रूप से बेहतर आयोजन संभव हो सका है। उन्होंने उपस्थितजनों को दीपावली पर्व एवं गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा का पर्व प्रकृति प्रेम के प्रकटीकरण के साथ ही आम जनमानस का गौवंश के प्रति लगाव और स्नेह भी व्यक्त करता है। साथ ही पॉलीथीन के उपयोग को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित करने की आवश्यकता भी बताई।

पूर्व मंत्री एवं विधायक ने कहा कि दीपावली त्यौहार के गौशाला



संचालक द्वारा साढ़े 6 एकड़ में संचालित गौशाला के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. नरेन्द्र गुप्ता ने विधानसभा स्तर पर गौपूजन कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यक्रम में कलेक्टर ऊषा परमार, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, सीएमओ भी उपस्थित रहे।

## बराछ की धनगढ़ गौशाला में भी हुआ आयोजन

गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम ग्राम पंचायत बराछ स्थित बाबा हिम्मतदास गौशाला धनगढ़ में भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने गौपालक एवं गौसेवकों का शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। साथ ही 160 गौवंश क्षमता की गौशाला की गायों तथा पालतू गौवंश का भी बेहतर ढंग से पालन पोषण करने का आह्वान किया। उन्होंने किसी भी समस्या पर प्रशासन एवं पशुपालन विभाग का सहयोग प्राप्त करने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने गोवर्धन पूजा के पावन पर्व पर प्रत्येक गौवंश के सम्मान और इनके प्रति हमेशा कृतज्ञ भाव रखने के लिए कहा। साथ ही सड़कों पर निराश्रित गौवंश मिलने पर आवश्यक मदद और सुरक्षित आश्रय स्थल पर विस्थापन की अपील भी की। जिपं सीईओ ने शासकीय भूमि पर चारागाह की व्यवस्था, गोबर एवं गौमूत्र टैंक की स्थापना तथा बाउंड्रीवॉल को बेहतर करने सहित अन्य विकास कार्यों को पूर्ण कराने और समस्याओं के निराकरण की बात कही।